**भारत सरकार**
**कारपोरेट कार्य मंत्रालय**

**लोकसभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या. 222**
**(जिसका उत्तर सोमवार, 21 जुलाई, 2025/30 आषाढ़, 1947 (शक) को दिया जाना है)**

**उत्तर प्रदेश में पीएमआईएस के अंतर्गत प्रदान किए गए अवसर**

**222. श्री पुष्पेंद्र सरोजः**

क्या **कारपोरेट कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) के तहत प्रारंभ से अब तक उत्तर प्रदेश में उपलब्ध कराए गए इंटर्नशिप अवसरों की जिलावार संख्या क्या है;
(ख) किन-किन क्षेत्रों में ये इंटर्नशिप अवसर प्रसारित किए गए हैं और उत्तर प्रदेश राज्य में ऐसे अवसर प्रदान करने वाली कंपनियों की संख्या क्या है; और
(ग) उक्त योजना के तहत उत्तर प्रदेश में दी गई इंटर्नशिप पेशकशों की जिलावार संख्या क्या है तथा इनमें से अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्गों के लाभार्थियों की संख्या क्या है?

**उत्तर**
**कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री।**
**(श्री हर्ष मल्होत्रा)**

(क): बजट 2024-25 में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) की घोषणा की गई थी। इसका उद्देश्य पांच साल में शीर्ष 500 कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है। इस योजना की शुरुआत के रूप में, एक वर्ष में 1.25 लाख इंटर्नशिप अवसर प्रदान करने के लक्षित योजना का एक पायलट प्रोजेक्ट 03.10.2024 को शुरू किया गया है।
3 अक्टूबर, 2024 से शुरू हुए पायलट प्रोजेक्ट के पहले दौर में, उत्तर प्रदेश में भागीदार कंपनियों द्वारा 9000 से अधिक इंटर्नशिप के अवसर प्रदान किए गए।
पीएम इंटर्नशिप योजना पायलट प्रोजेक्ट का दूसरा दौर 9 जनवरी, 2025 को शुरू हुआ। इस दौर में, साझेदार कंपनियों ने उत्तर प्रदेश में 7,700 से अधिक इंटर्नशिप अवसर (पिछले दौर के नए और संपादित अपूरित अवसर) पोस्ट किए हैं।
उत्तर प्रदेश राज्य में पहले दौर और दूसरे दौर में भागीदार कंपनियों द्वारा प्रदान किए गए जिलेवार इंटर्नशिप के अवसर अनुलग्नक - 1 में संलग्न हैं।
(ख): भागीदार कंपनियों की सूची में विमानन और रक्षा, मोटर वाहन, बैंकिंग और वित्तीय सेवाएं, रसायन उद्योग, तेल, गैस और ऊर्जा जैसे विविध क्षेत्रों की एक बड़ी संख्या शामिल है और बिक्री, लेखा, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, प्रक्रिया सहयोगी, विनिर्माण सहयोगी और संयंत्र प्रचालन आदि जैसे

विभिन्न क्षेत्रों में भूमिकाएं शामिल हैं। भागीदार कंपनियों की सूची https://pminternship.mca.gov.in पर उपलब्ध है।

पायलट प्रोजेक्ट के पहले दौर और दूसरे दौर में, 115 से अधिक कंपनियों ने उत्तर प्रदेश राज्य में इंटर्नशिप के अवसर पोस्ट किए हैं।

(ग): पीएमआईएस पायलट प्रोजेक्ट के पहले दौर में भागीदार कंपनियों ने देश भर में 82,000 से अधिक इंटर्नशिप ऑफर किए थे, जिनमें से 11,500 से अधिक इंटर्नशिप ऑफर उत्तर प्रदेश राज्य के उम्मीदवारों को दिए गए थे।

पीएमआईएस पायलट प्रोजेक्ट के दूसरे दौर में, साझेदार कंपनियों ने देश भर में 70,000 से अधिक इंटर्नशिप ऑफर दिए थे, जिनमें से 6,200 से अधिक इंटर्नशिप ऑफर उत्तर प्रदेश राज्य से संबंधित उम्मीदवारों को दिए गए थे। वर्तमान में, प्रस्तावों को शुरू करने और दूसरे दौर में इंटर्न द्वारा स्वीकृति/कार्यभार ग्रहण करने की प्रक्रिया प्रगति पर है।

उत्तर प्रदेश राज्य के उम्मीदवारों को पहले दौर और दूसरे दौर में दिए गए जिलेवार ऑफर अनुलग्नक II में संलग्न हैं।

उत्तर प्रदेश राज्य में पहले दौर और दूसरे दौर में अ.पि.व., अ.जा., और अ.ज. श्रेणियों से संबंधित उम्मीदवारों को किए गए प्रस्तावों की कुल संख्या अनुलग्नक III में दी गई है।

*****

अनुलग्नक- I

दिनांक 21.07.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 222 भाग (क) का अनुलग्नक-I

उत्तर प्रदेश राज्य में दूसरे दौर में भागीदार कंपनियों द्वारा प्रदान किए गए जिलेवार इंटर्नशिप के अवसर

| क्र.सं. | जिले का नाम | दूसरे दौर में इंटर्नशिप के अवसरों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | आगरा | 389 |
| 2 | अलीगढ़ | 122 |
| 3 | अम्बेडकर नगर | 155 |
| 4 | अमेठी | 96 |
| 5 | अमरोहा | 42 |
| 6 | औरैया | 87 |
| 7 | अयोध्या | 40 |
| 8 | आजमगढ़ | 20 |
| 9 | बागपत | 43 |
| 10 | बहराइच | 9 |
| 11 | बलिया | 55 |
| 12 | बलरामपुर | 43 |
| 13 | बांदा | 14 |
| 14 | बाराबंकी | 179 |
| 15 | बरेली | 212 |
| 16 | बस्ती | 43 |
| 17 | भदोही | 27 |
| 18 | बिजनौर | 77 |
| 19 | बदायूं | 32 |
| 20 | बुलंदशहर | 93 |
| 21 | चंदौली | 10 |
| 22 | चित्रकूट | 6 |
| 23 | देवरिया | 22 |
| 24 | एटा | 19 |
| 25 | इटावा | 13 |
| 26 | फर्रुखाबाद | 12 |
| 27 | फतेहपुर | 76 |
| 28 | फिरोजाबाद | 45 |
| 29 | गौतम बुद्ध नगर | 1459 |
| 30 | गाज़ियाबाद | 220 |
| 31 | गाजीपुर | 22 |
| 32 | गोंडा | 56 |
| 33 | गोरखपुर | 128 |
| 34 | हमीरपुर | 9 |
| 35 | हापुड़ | 34 |
| 36 | हरदोई | 52 |

**दिनांक 21.07.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 222 भाग (क) का अनुलग्नक-I**

**उत्तर प्रदेश राज्य में दूसरे दौर में भागीदार कंपनियों द्वारा प्रदान किए गए जिलेवार इंटर्नशिप के अवसर**

| क्र.सं. | जिले का नाम | दूसरे दौर में इंटर्नशिप के अवसरों की संख्या |
|---|---|---|
| 37 | हाथरस | 35 |
| 38 | जालौन | 42 |
| 39 | जौनपुर | 23 |
| 40 | झांसी | 58 |
| 41 | कन्नौज | 12 |
| 42 | कानपुर देहात | 64 |
| 43 | कानपुर नगर | 333 |
| 44 | कासगंज | 18 |
| 45 | कौशाम्बी | 9 |
| 46 | खीरी | 37 |
| 47 | कुशीनगर | 20 |
| 48 | ललितपुर | 5 |
| 49 | लखनऊ | 427 |
| 50 | महाराजगंज | 28 |
| 51 | महोबा | 7 |
| 52 | मैनपुरी | 57 |
| 53 | मथुरा | 83 |
| 54 | मऊ | 10 |
| 55 | मेरठ | 900 |
| 56 | मिर्जापुर | 6 |
| 57 | मुरादाबाद | 73 |
| 58 | मुजफ्फरनगर | 59 |
| 59 | पीलीभीत | 14 |
| 60 | प्रतापगढ़ | 23 |
| 61 | प्रयागराज | 156 |
| 62 | रायबरेली | 152 |
| 63 | रामपुर | 7 |
| 64 | सहारनपुर | 91 |
| 65 | संभल | 40 |
| 66 | संत कबीर नगर | 10 |
| 67 | शाहजहाँपुर | 70 |
| 68 | शामली | 26 |
| 69 | श्रावस्ती | 5 |
| 70 | सिद्धार्थ नगर | 19 |
| 71 | सीतापुर | 17 |
| 72 | सोनभद्र | 540 |
| 73 | सुल्तानपुर | 17 |
| 74 | उन्नाव | 16 |
| 75 | वाराणसी | 244 |
| | कुल योग | 7714 |

अनुलग्नक- II

**दिनांक 21.07.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 222 भाग (ग) का अनुलग्नक-II**

**उत्तर प्रदेश राज्य के उम्मीदवारों को पहले दौर और दूसरे दौर में जिलेवार ऑफर दिए गए हैं।**

| क्रम संख्या | जिला | पहला दौर | दूसरा दौर |
|---|---|---|---|
| 1 | आगरा | 360 | 146 |
| 2 | अलीगढ़ | 232 | 129 |
| 3 | अम्बेडकर नगर | 264 | 189 |
| 4 | अमेठी | 78 | 79 |
| 5 | अमरोहा | 98 | 42 |
| 6 | औरैया | 170 | 63 |
| 7 | अयोध्या | 148 | 62 |
| 8 | आजमगढ़ | 295 | 88 |
| 9 | बागपत | 87 | 31 |
| 10 | बहराइच | 53 | 35 |
| 11 | बलिया | 226 | 83 |
| 12 | बलरामपुर | 58 | 22 |
| 13 | बांदा | 104 | 52 |
| 14 | बाराबंकी | 121 | 96 |
| 15 | बरेली | 278 | 148 |
| 16 | बस्ती | 164 | 73 |
| 17 | भदोही | 119 | 56 |
| 18 | बिजनौर | 151 | 63 |
| 19 | बदायूं | 105 | 53 |
| 20 | बुलंदशहर | 161 | 100 |
| 21 | चंदौली | 156 | 57 |
| 22 | चित्रकूट | 39 | 22 |
| 23 | देवरिया | 173 | 81 |
| 24 | एटा | 82 | 43 |
| 25 | इटावा | 97 | 30 |
| 26 | फर्रुखाबाद | 61 | 31 |
| 27 | फतेहपुर | 137 | 112 |
| 28 | फिरोजाबाद | 140 | 62 |
| 29 | गौतम बुद्ध नगर | 243 | 174 |
| 30 | गाज़ियाबाद | 308 | 173 |
| 31 | गाजीपुर | 215 | 77 |
| 32 | गोंडा | 187 | 68 |
| 33 | गोरखपुर | 291 | 165 |
| 34 | हमीरपुर | 67 | 33 |
| 35 | हापुड़ | 73 | 39 |
| 36 | हरदोई | 168 | 50 |
| 37 | हाथरस | 83 | 44 |
| 38 | जालौन | 114 | 68 |

दिनांक 21.07.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 222 भाग (ग) का अनुलग्नक-I

उत्तर प्रदेश राज्य के उम्मीदवारों को पहले दौर और दूसरे दौर में जिलेवार ऑफर दिए गए हैं।

| क्रम संख्या | जिला | पहला दौर | दूसरा दौर |
|---|---|---|---|
| 39 | जौनपुर | 240 | 100 |
| 40 | झांसी | 125 | 62 |
| 41 | कन्नौज | 97 | 46 |
| 42 | कानपुर देहात | 105 | 47 |
| 43 | कानपुर नगर | 385 | 279 |
| 44 | कासगंज | 43 | 22 |
| 45 | कौशाम्बी | 69 | 26 |
| 46 | खीरी | 225 | 72 |
| 47 | कुशीनगर | 167 | 82 |
| 48 | ललितपुर | 47 | 19 |
| 49 | लखनऊ | 463 | 306 |
| 50 | महाराजगंज | 103 | 53 |
| 51 | महोबा | 26 | 21 |
| 52 | मैनपुरी | 87 | 33 |
| 53 | मथुरा | 185 | 92 |
| 54 | मऊ | 132 | 41 |
| 55 | मेरठ | 216 | 397 |
| 56 | मिर्जापुर | 158 | 80 |
| 57 | मुरादाबाद | 143 | 81 |
| 58 | मुजफ्फरनगर | 161 | 62 |
| 59 | पीलीभीत | 117 | 41 |
| 60 | प्रतापगढ़ | 258 | 80 |
| 61 | प्रयागराज | 422 | 211 |
| 62 | रायबरेली | 146 | 93 |
| 63 | रामपुर | 66 | 19 |
| 64 | सहारनपुर | 149 | 120 |
| 65 | संभल | 90 | 29 |
| 66 | संत कबीर नगर | 68 | 38 |
| 67 | शाहजहाँपुर | 147 | 94 |
| 68 | शामली | 49 | 24 |
| 69 | श्रावस्ती | 9 | 8 |
| 70 | सिद्धार्थ नगर | 67 | 41 |
| 71 | सीतापुर | 128 | 61 |
| 72 | सोनभद्र | 192 | 165 |
| 73 | सुल्तानपुर | 142 | 66 |
| 74 | उन्नाव | 96 | 48 |
| 75 | वाराणसी | 334 | 230 |
|  | कुल योग | 11563 | 6228 |

अनुलग्नक- III

दिनांक 21.07.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 222 भाग (ग) का अनुलग्नक-I

उत्तर प्रदेश राज्य में पहले दौर और दूसरे दौर में अ.पि.व., अ.जा. और अ.ज. श्रेणियों से संबंधित उम्मीदवारों को दिए गए प्रस्तावों की कुल संख्या

| | उत्तरप्रदेश में अ.पि.व. श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को दिए गए प्रस्तावों की संख्या | उत्तरप्रदेश में अ.जा. वर्ग से संबंधित उम्मीदवारों को दिए गए प्रस्तावों की संख्या | उत्तरप्रदेश में अ.ज. श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को दिए गए प्रस्तावों की संख्या |
|---|---|---|---|
| पहला दौर | 5041 | 2224 | 91 |
| दूसरा दौर | 2736 | 1036 | 25 |
| | 7777 | 3260 | 116 |